卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 48 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦25 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in




## दो बहनों की हत्या से सनसनी

### कमरे में मिले दोनों के शव, पिता और भाई घर से फरार

काशीपुर(उद संवाददाता)। मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी इलाके में दो सगी बहनों के शव शनिवार सुबह मिली वह तत्काल मौके पर पहुंच गई। लक्ष्मीपुर पट्टी की खालिक कालोनी में दो सगी बहनों की मौत के पीछे पुलिस चार दिन पुराना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया





लावारिस पाए गए। घटना को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को जैसे ही मामले की जानकारी प्रथम दृष्टया तंत्र मंत्र को मानकर चल रही है। हालांकि जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा। एक शव तो तीन है। जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह खालिक कालोनी में अली हसन के घर में उसकी दो (शेष पृष्ठ सात पर)

## ध्वस्तीकरण करने आई टीम बैरंग लौटी

किच्छा (उद संवाददाता)। जिला विकास प्रधिकरण द्वारा चिन्हित नियमों के विरूद्ध काटी जा रही 11 कालोनियों के ध्वस्तीकरण के आदेश के बाद आज सामना करना पड़ा। टीम द्वारा जैसे ही ध्वस्तीकरण का कार्य शुरू किया गया मंडी समिति के चैयरमैन कमलेन्द्र सेमवाल के नेतृत्व में भारी संख्या में व पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को काफी समझाने की कोशिश की परंतु उन्होंने अपना प्रदर्शन जारी रखा। जिससे अभियान शुरू नहीं हो पाया।





वार्ड 2 बंगाली कालोनी सुनेरा में ध्वस्तीकरण के लिए तहसीलदार गिरीश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में जेसीबी मशीनों के साथ आई टीम को भारी जन विरोध का भाजपा कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय लोगो द्वारा नारेबाजी शुरू कर जेसीबी मशीन के आगे धरना शुरू कर दिया गया। जिससे मौके पर हंगामा शुरू हो गया। तहसीलदार इससे पूर्व तहसीलदार गिरीश चन्द्र शर्मा व विकास प्राधिकरण के विनीत कुमार के साथ भारी संख्या में पुलिस बल और जेसीबी मशीनों (शेष पृष्ठ सात पर)

## सुरंग में फंसे मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए की गयी अरदास

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को निकलने की जद्दोजहद लगातार जारी है। धार्मिक डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा तरसेम सिंह, रीठा साहिब के बाबा श्याम सिंह, बाबा ऋषिपाल



सिंह के साथ सैकड़ों सिक्ख संगत ने गुरुद्वारा साहिब दूध वाले कुएं में टनल सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को सकुशल बहार निकलने को लिए ज्ञानी जगदीप सिंह ने मजदूरों की सुख शांति की अरदास की। बताया कि उत्तराखंड(शेष पृष्ठ सात पर)

## पिकप की चपेट में आकर बालक की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली से कुछ दूरी पर एसडीएम कोर्ट के पास 9 साल का बालक एक पिकप वाहन की चपेट में आ गया। जिसे तत्काल उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिकप वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा ढोलक बस्ती निवासी नौ वर्षीय बालक सिमरत पुत्र मोहताबअपने परिजनों के साथ आया हुआ था। इसी दौरान कोऑपरेटिव बैंक के पास सिमरत एक गुजरते पिकप वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएसआई महेंद्र पाल ने बताया कि पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। बताया जा रहा कि पिकप वाहन चालक रानीखेत से अपनी बहन की शादी का सामान छोड़ने हल्द्वानी आया था। वापस लौटते समय दुर्घटना हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्ट मार्टम को भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

## नहर में शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम मोटाहल्दू के धनपुर और जयपुर खीमा के बीच स्थित जमरानी नहर में मजदूर का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची हल्दूचौड़ चौकी पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकालकर अपने कब्जे के लिया। साथ ही मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार ग्राम मोटाहल्दू के धनपुर और जयपुर खीमा के बीच स्थित जमरानी नहर में मजदूर का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा देखा गया। शव पाए जाने की जानकारी मिलते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर हल्दूचौड़ चौकी पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला। बताया जाता है कि मृतक 40 वर्षीय मजदूर उत्तर प्रदेश का मूल निवासी था और अभी जयपुर खीमां में रहकर मजदूरी आदि का कार्य करता था। आज प्रात: 7 बजे (शेष पृष्ठ सात पर)

## पार्षद प्रतिनिधि के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी हुआ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चेक बाउंस के मामले में पार्षद प्रतिनिधि के खिलाफ माननीय न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किये हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पार्षद प्रतिनिधि वैशाली कालोनी गली नं. दो निवासी सचिन मुंजाल पर आरोप है कि उन्हें एलायंस कालोनी निवासी रमेश कुमार ढींगरा ने 50 हजार रूपये एक माह के लिए उधार दिये थे। सचिन ने एक माह में पैसे लौटाने का वायदा किया था गारंटी के तौर चेक दिया था। निर्धारित समय के बाद बैंक में चैक लगाया तो चेक बाउंस हो गया। तकादे करने के बावजूद पैसे नहीं मिलने (शेष पृष्ठ सात पर)

किराये हेतु

डॉक्टर कालोनी, सिविल लाईन रूद्रपुर पहली गली में स्थित 25x75 के दो नर्सिंग होम किराये हेतु खाली हैं, जिसमें आई साइट हॉस्पिटल एवं मान्या आयुर्वेदिक सेन्टर चल रहा है।

&lEid dj‰&
9897067700
9897683006

## चाकू की नोक पर आईफोन और नगदी लूटने वाले दबोचे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गंगापुर रोड पर सरेशाम स्कूटी सवार से चाकू की नोक पर आईफोन और हजारों की नगदी लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लूटा गया मोबाइल और नगदी बरामद कर ली है। बता दें ग्राम महाराजपुर किच्छा निवासी अनुराग चौरसिया पुत्र दिनेश चौरसिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 22 नवम्बर को वह शाम साढ़े सात बजे स्कूटी पर सवार होकर गंगापुर रोड से घर की ओर जा रहा था। लाहोरिया शोरूम के पास स्पलैंडर प्लस बाइक सवार दो युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और गर्दन पर चाकू रखकर आईफोन 11 और जेब में रखे 12 हजार 800 रूपये छीनकर फरार हो गये। सीओ अनुषा बडोला ने खुलासा करते हुए बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए गठित की गयी टीम ने लूट को अंजाम देने वाले



बदमाश सुमित गंगवार पुत्र नुक्ता प्रसाद निवासी शाहपुर थाना शेरगढ़ बरेली, रवि प्रकाश पुत्र रुपेश कुमार निवासी आनंद विहार फुलसुंगा को गंगापुर रोड से गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से लूटा गया मोबाइल, 9 हजार 200 की नगदी के अलावा लूट की वारदात में प्रयुक्त बाइक और चाकू भी बरामद किया गया। पकड़े गये दोनों बदमाश शातिर किस्म के हैं पूर्व में भी दोनों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। पकड़े गये रवि प्रकाश के खिलाफ ट्रांजिट कैंप में तीन, पंतनगर में दो मामले दर्ज हैं। जिनमें एक मुकदमा लूट का भी है। इसके अलावा सुमित पर दो मुकदमे दर्ज हैं। पकड़ने वाली टीम में इंस्पेक्टर विजेंद्र शाह के अलावा एसआई धीरज टम्टा, एसआई कवींद्र शर्मा, दिनेश चन्द्र, राकेश खेतवाल आदि थे।

## ईनाम की झूठी सूचना देकर महिला से 2.21 लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साईबर क्राईम में संलिप्त शातिर लोग लोगों को ठगने के लिए नये नये तरीके निकाल रहे हैं। अब एक नया मामला सामने आया है जिसमें एक महिला को स्क्रेच कार्ड के माध्यम से ईनाम में कार निकलने की झूठी सूचना देकर उससे 2.21 लाख रूपये का धोखाधड़ी कर ली गई। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अर्जिता राय पत्नी लविश छाबड़ा(शेष पृष्ठ सात पर)

भारत पैथ लैब

20, कल्याणी व्यू, केशव मार्ग, श्याम टॉकीज रोड,रूद्रपुर (उधमसिंह नगर)
फोन: 9927133000 ईमेल: info@bharatpathlab.in

आवश्यकता है

भारत विकास परिषद रूद्रपुर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित धर्मार्थ पैथोलॉजी लैब हेतु निम्न पदों पर योग्यता प्राप्त एवं अनुभवी पुरुष/महिला की आवश्यकता है:-

| क्र.सं. | पद | शैक्षिक योग्यता | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | लैब टेक्नीशियन/मैनेजर | BSc MLT | 1 |
| 2 | होम कलेक्शन/सेम्पल कलेक्शन हेतु अनुभवी युवक की | 12th | 2 |

इच्छुक अभ्यर्थी स्व.हस्तलिखित प्रार्थना पत्र, विस्तृत टंकित बायो-डाटा एवं शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रतियों सहित 30 नवम्बर 2023 को प्रात: 11 बजे लैब कार्यालय में मिले।

# इंतजार में तरस गई हैं साथियों की निगाहें

## सरिया के जाल में फंसे ऑगर ड्रिलिंग मशीन के पार्टस और मुढ़ा हुआ पाईप काटकर निकाले गये 48 मीटर ड्रिलिंग पर फिर आयी बाधा: फंसे मजदूरों से अंदर की तरफ से मलबा हटवाने की तैयारी





देहरादून/ उत्तरकाशी(उद ब्यूरो)। आज 14वें दिन एक बार फिर मजदूरों के सकुशल बाहर आने की उम्मीदों को झटका लग गया है। ऑगर मशीन के पार्ट्स टूट गये है। उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए अमेरिकी ऑगर मशीन शुक्रवार शाम 24 घंटे बाद चली, लेकिन 1.5 मीटर आगे बढ़ने के बाद फिर लोहे का अवरोध आने से लक्ष्य से नौ मीटर पहले रुक गई। रेस्क्यू अभियान के 13वें दिन भी मजदूर बाहर नहीं निकल सके। बृहस्पतिवार शाम 4 बजे बेस हिलने से ऑगर मशीन ने काम करना बंद कर दिया था। मरम्मत आदि में करीब 24 घंटे बीत जाने के बाद मशीन 13वें दिन शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे चली तो उम्मीदें फिर जग गईं। लेकिन कुछ देर बाद ही रेस्क्यू टीमों को फिर झटका लग गया। एनएच आईडीसीएल के महाप्रबंधक कर्नल दीपक पाटिल ने बताया कि करीब शाम 6:40 बजे मशीन की राह में फिर लोहे का अवरोध आने से काम रुक गया है। अब तक मलबे में करीब 48 मीटर ही पाइप पहुंच पाया है। ऑपरेशन सिलक्यारा को शुक्रवार को शुरू करने से पहले एनएचआईडीसीएल ने पारसन कंपनी के जियो फिजिकल विशेषज्ञों से टनल के मलबे की मैपिंग कराई, जिसमें बताया कि अगले 5 मीटर तक कोई लोहे जैसा अवरोध नहीं है। हालांकि उनकी मैपिंग का ये फार्मूला 1.5 मीटर बाद ही फेल हो गया। इस बार भूस्खलन के मलबे में 25 मिमी की सरिया व लोहे के पाइप ड्रिलिंग में बाधा बने हैं। ऑगर मशीन के आगे आई बाधाओं को हटाने का काम शुरू किया जा रहा है। इसमें सात से आठ घंटे का समय लगता है। बरमा निकाल कर आगे आई बाधाओं को एक टीम पाइप में घुसकर गैस कटर से काट रही है। ऑगर ड्रिलिंग मशीन के आगे बार-बार आ रही बाधा के चलते अब मैनुअल अभियान चलाया जाएगा। मैनुअल ड्रिलिंग में समय लग सकता है। इसमें अंदर फंसे मजदूर भी खेवनहार बन सकते हैं। यह विचार कल से ही चल रहा है। तमाम व्यवधानों और उम्मीदों के बीच अब इस बात पर विचार शुरू हो गया कि क्यों ने फंसे मजदूरों से ही अंदर की तरफ से नौ मीटर मलबा हटवा दिया जाए। दूसरा विचार यह चल रहा है कि ऑगर मशीन की जगह मैनुअली कचरा हटाना शुरू किया जाए। लोहे का अवरोध आने से ऑगर मशीन लक्ष्य से नौ मीटर पहले रुक गई। जिसके बाद अवरोधों को काटकर हटाने का काम तो शुरू हुआ लेकिन इस बात पर भी विचार शुरू हो गया कि क्यों ने फंसे मजदूरों से ही अंदर की तरफ से नौ मीटर मलबा हटवा दिया जाए। अगर ये प्लान काम कर गया तो श्रमिक जल्दी बाहर आ सकेंगे। राहत और बचाव कार्यों में लगे श्रमिकों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रेस्क्यू स्थल पर प्री कॉस्ट आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट और ह्यूम पाइप के जरिए सुरक्षा कैनोपी और एस्केप टनल बनाई गई है।

## सबसे बड़ी ड्रिल मशीन भी पहुंची सिल्क्यारा

उत्तरकाशी। बचाव अभियान के दूसरे विकल्पों के तहत सुरंग के ऊपर से ड्रिल करने को सबसे बड़ी ड्रिल मशीन भी तैयार कर दी गई है। इसे अलग-अलग हिस्सों में लाया गया था।



इसके बाद एसेंबल कर दिया गया। कई अन्य ड्रिल मशीन भी यहां तैनात हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल उनसे रेस्क्यू ऑपरेशन को आगे बढ़ाया जा सके। वैसे तो सिलक्यारा सुरंग के भीतर से ड्रिल करने की योजना सफलता की ओर बढ़ रही है, लेकिन जियो फिजिकल विशेषज्ञों ने सुरंग के ऊपर से भी ड्रिल के लिए परिस्थितियां अनुकूल मानी हैं। विशेषज्ञों ने इसकी रिपोर्ट भी नेशनल हाईवे इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (एनएच आईडीसीएल) को सौंप दी है। सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने का अभियान पिछले 13 दिन से चल रहा है। अभियान के दौरान सुरंग के भीतर से सफलता न मिलने पर ऊपर से भी ड्रिल करने की योजना बनाई गई थी। इसके तहत एसजेवीएनएल को यहां 1. 2 मीटर व्यास की ड्रिल करनी थी तो आरवीएनएल को 8 इंच की ड्रिल करके लाइफलाइन पाइप पहुंचाना था। इसके लिए कवायद शुरू की गई, जिसके तहत बीआरओ ने सड़क भी बना दी थी। जहां से ड्रिल होनी थी, उस स्थान का चयन कर लिया गया था। इसके बाद जियो फिजिकल विशेषज्ञों ने इसका निरीक्षण किया। पारसन कंपनी के जियो फिजिकल विशेषज्ञ बी भास्कर ने बताया कि उस स्थान से नीचे तक करंट से जांच की गई। पता चला कि उस क्षेत्र में कोई भी पानी का स्रोत ड्रिल के रास्ते में नहीं आएगा। ये माना गया था कि अगर ड्रिल के दौरान कोई पानी का स्रोत आया तो पूरे अभियान के साथ ही 41 मजदूरों को भी खतरा हो सकता है। लिहाजा, जरूरत पड़ने पर यहां आसानी से ड्रिल की जा सकती है।

## जब आई धूए की महक तो फसें मजदूरों ने कहा अब तो मंजिल ज्यादा दूर नहीं!




उत्तरकाशी। शनिवार को सिल्कयारा सुरंग बचाव अभियान में आयी बाधा पर अंतरराष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ, अर्नोल्ड डिक्स ने बताया कि बचाव अभियान के कई तरीके हैं। यह सिर्फ एक ही रास्ता नहीं है। फिलहाल, सब कुछ ठीक है। अब ऑगरिंग नहीं देख पाएंगे। ऑगर खत्म हो गया है। बरमा (मशीन) टूट गया है। उन्होंने बताया कि बरमा से अब कोई काम नहीं होगा। वहीं ऑगर मशीन खराब होने के बाद दूसरी मशीन से काम शुरू किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि रेस्क्यू अभियान में तीन दिन का वक्त और लग सकता है। उत्तरकाशी जिले में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में दिवाली वाले दिन भूस्खलन हुआ था। रात्रि शिफ्ट में सुरंग के अंदर गए मजदूर ढाई घंटे बाद शिफ्ट खत्म कर बाहर आने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही साढ़े पांच बजे भारी भूस्खलन हो गया और वहां काम कर रहे 41 मजदूर अंदर फंसकर रह गए। उसी दिन से रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है, लेकिन कब तक मजदूर बाहर आ जाएंगे इस बारे में राहत एवं बचाव अभियान से जुड़े एनएचआईडीसी और जिला प्रशासन के अधिकारी कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं। मजदूरों को अंदर फंसे 14 दिन हो गए हैं। पाइप व लोहे के गर्डर को जब गैस कटर से काटा जा रहा था तो उसके धुएं की खुशबू सुरंग के भीतर फंसे 41 मजदूरों तक पहुंच गई। जैसे ही मजदूरों को गैस कटर के धुएं की खुशबू आई तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा।







# श्रमिकों को बचाने के लिए दिन रात जुटे रहना होगा : सीएम

## सीएम धामी ने टनल में किया रेस्क्यू ऑपरेशन का निरीक्षण कर दिए निर्देश,सबकी जिंदगी बचाना ही हमारी जिम्मेदारी

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मातली (उत्तरकाशी) में स्थापित अस्थायी कैंप कार्यालय से ही शासकीय पत्रावलियों का निस्तारण किया और सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री श्री धामी सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों की सकुशलता के लिए बुधवार से मातली में ही डटे हैं। शासकीय कार्य बाधित न हो, इसके मद्देनजर मातली से ही मुख्यमंत्री का अस्थायी कैम्प कार्यालय संचालित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने जरूरी शासकीय पत्रावलियों को निस्तारित करने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही शाम को मुख्यमंत्री ने सिलक्यारा पहुंचकर वहां चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का निरीक्षण किया और ऑपरेशन में जुटी टीम से वार्ता कर आवश्यक जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सिलक्यारा, उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने टनल में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री धामी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तीव्र गति एवं पूरी सावधानी के साथ अंतिम चरण के रेस्क्यू ऑपरेशन को संचालित किया जाए। उन्होंने कहा की यह अत्यंत चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा रेस्क्यू अभियान है। उन्होंने कहा कि टनल में फंसे 41 लोगों की बहुमूल्य जिंदगी को बचाने की जिम्मेदारी हम सब पर है। अभियान में जुटे लोगों को पूरी दक्षता, क्षमता, तत्परता और सावधानी के साथ मिशन को कामयाब बनाने में दिन-रात जुटे रहना होगा। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल (से.नि) वी.के सिंह, सांसद डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन, अपर सचिव (सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, एम.डी(एनएच आईडीसीएल ) महमूद अहमद उपस्थित रहे। इसके साथ ही कमिश्नर गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, विधायक संजय डोभाल, विधायक सुरेश चौहान, रेस्क्यू आभियान के समन्वयक सचिव डॉ. नीरज खैरवाल, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, डीएम अभिषेक रूहेला, एसडीएफआर कमाडेंट मणिकांत मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी एवं अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## जब सभी श्रमिक बाहर निकलेंगे तो हॉस्पिटल और उन्हें घर भेजने की बेहतर व्यवस्था की जाए: पीएम

उत्तरकाशी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बातचीत की है। इस दौरान सिलक्यारा, उत्तरकाशी में निर्माणाधीन टनल में फंसे श्रमिकों के रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही मुख्यमंत्री को कुछ जरूरी निर्देश भी दिए। सीएम धामी ने बताया कि प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री को विशेष निर्देश दिए कि जब श्रमिक टनल से बाहर निकलेंगे तो उनके स्वास्थ्य की जांच की जाए और अगर जरूरत पड़े तो उनको अस्पताल भेजे जाने की उचित व्यवस्था भी सुनिश्चित कि जाए। प्रधानमंत्री ने सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों की स्थिति और उनको दी जाने वाली खाद्य और दैनिक दिनचर्या की वस्तुओं के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही राहत और बचाव कार्य में जुटे कर्मियों की स्थिति एवं उनकी सुरक्षा की भी जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिए कि इसमें किसी तरह की कोई कमी न रहे। उन्होंने बचाव कार्य की प्रगति के बारे में भी पूछा । साथ ही मुख्यमंत्री से पूछा कि यदि किसी अन्य सहयोग की जरूरत है तो उसके बारे में भी बताएं। साथ ही श्रमिकों के परिजनों के बारे में भी जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सभी श्रमिक बाहर निकलेंगे तो उनके स्वास्थ्य जाँच और यदि जरूरत पड़ती है तो हॉस्पिटल और उन्हें घर भेजने की बेहतर व्यवस्था की जाए।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# अंहिंप एवं बजरंग दल ने थानाध्यक्ष का किया स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा थाने पहुंचकर थानाध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी को बाबा नीम करौली जी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप मैं प्रदान करते हुए तथा भगवा पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस



दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सैनी ने कहा कि नव नियुक्त थानाध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी के नेतृत्व में गदरपुर थाना क्षेत्र में नशे एवं अपराध पर अंकुश लगेगा इसकी उन्हें आशा है। थानाध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी ने स्वागत के लिए हिंदू संगठनों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए वह संकल्पबद्ध है उनके द्वारा शांति व्यवस्था क्रायम रखने के लिए हमेशा प्रयास किया जाता रहेगा । इस मौके पर बजरंग दल जिला मंत्री सर्वेश सैनी,अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के तहसील अध्यक्ष दिनेश सैनी, तहसील महामंत्री राजपाल सैनी,ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह,तहसील उपाध्यक्ष अनिल सैनी सहित निशांत सिंघल,विपुल प्रजापति,देवा कश्यप,प्रेम सिंह,भूरा सैनी,अरविंद सैनी,सुनील कंबोज,विजेंद्र सैनी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खेल महाकुंभ के तीसरे दिन बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

गदरपुर(उद संवाददाता)। तीन दिवसीय 19 वर्षीय बालक खेल महाकुंभ खेल का समापन हुआ। समापन में 100 मीटर दौड़ में चेतन सिंह ने बाजी मारी। खेल का समापन मुख्य अतिथि के रुप में किड्स पैराडाइस के प्रबंधक सतेन्द्र सिंह मान एवं प्रधानाचार्य जीपी होता द्वारा किया गया। समापन के दौरान हुई प्रतियोगिता में 100 मीटर, दौड़ में चेतन सिंह प्रथम, अभिषेक ने द्वितीय, 200मीटर दौड़ में अभिषेक प्रथम, कमलेश द्वितीय, 400 मीटर दौड़ में अंकित उपाध्याय प्रथम, रोहित वर्मा द्वितीय,1500



मीटर दौड़ में आयन प्रथम, दीपक, अंस द्वितीय, 5000 मीटर दौड़ में दीपक प्रथम, आदित्य द्वितीय, लंबी कूद चेतन प्रथम चेतन सिंह, मोहन द्वितीय, ऊंची कूद दीपक जोशी, प्रथम, शिवम द्वितीय, भाला फैंक में भोला मंडल प्रथम, करण द्वितीय रहे। निर्णायक की भूमिका रविंद्र चौहान,अशोक चौहान,उमेश चंद्र,अनुज कुमार, नंदिनी कोरंगा,हरगोविंद,साक्षी, आरती ,परमजीत सिंह,अवतार सिंह,नवल ,सुरेंद्र सिंह, संदीप कुमार द्वारा निभाई गयी। कार्यक्रम का संचालप बृजेश कुमार दुबे ,संजीव कुमार तथा लेखा जोखा कार्य अंकित कुमार,जय कुमार,विधान दास, धर्म सिंह मेहता ने किया।

# गैस रिफलिंग के दौरान मौत के मामले में एक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। गैस सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस भरने के दौरान हुए अग्निकांड में घायल महिला की मृत्यु के बाद मृतक के पुत्र ने गैस भरने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था जिसके तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस को दी गई तहरीर में अरुण पुत्र सुनील निवासी वार्ड नंबर 11, नई सुनहरी, थाना- किच्छा ने छेदालाल पुत्र छोटेलाल निवासी- वार्ड नंबर 11, नई सुनहरी द्वारा अपनी दुकान में अवैध रूप से छोटे गैस सिलेंडर भरने के दौरान आग लगने उसकी माता के झुलसने और दौराने इलाज मृत्यु हो गई । प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने मुकदमापंजीकृत कर विवेचना वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल को दी गई जिस पर कारवाही करते हुए अभियुक्त छेदालाल पुत्र छोटेलाल निवासी वार्ड नंबर 11, नई सुनहरी, थाना - किच्छा को गिरफ्तार कर लिया।



# गर्भवती महिलाओं,बच्चों की हुई जांच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जा रहे स्वस्थ भारत परियोजना के अंतर्गत गत दिवस संजय नगर खेड़ा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच स्वास्थ्य शिविर में की गई साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की हीमोग्लोबिन की जांच की गई और उन्हें निशुल्क दवाइयो का वितरण किया गया। शिविर में जवाहर लाल नेहरू राजकीय जिला चिकित्सालय के डॉक्टर संजय पांडे ने कुपोषित बच्चों की एवं डॉक्टर कल्पना पांडे ने गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की। बेहतर स्वास्थ्य के लिए महिलाओं को खान-पान के सही तरीके के बारे में बताया गया। डीपीओ मोहित सक्सेना ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए। जिसका लाभ गर्भस्थ शिशु को भी मिलता है। उन्होंने कहा कि लहिलाओं को खान पान के साथ ही साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन के फाइनेंस मैनेजर प्रभंजन साहू, सीपीओ सुप्रिया पाठक एवं क्षेत्र समन्वयक निष्ठा सक्सेना, सुनीता गोस्वामी एवं अनुज सिन्हा मौजूद रहे।



# मृतक के परिजनों को बंधाया ढांढस

रूदपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा नगर निगम द्वारा संचालित सीबीसी प्लांट में कार्यरत कर्मचारी सुनील कोली की करंट लगने से आकस्मिक मृत्यु के पश्चात परिजनों को ढांढस बधाने के लिए पोस्टमार्टम हाउस पहुंची। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा कूड़ा निस्तारण के लिए संचालित सीबीसी प्लांट में कार्यरत कर्मचारी सुनील कोली की ड्यूटी के दौरान करंट लगने से अकस्मात मृत्यु हो गई थी, जिससे उसके परिजनों और क्षेत्र में निगम के विरुद्ध तीव्र आक्रोश था, और बड़ी संख्या में लोग पोस्टमार्टम हाउस में इकट्ठे हो गए थे। इधर सूचना मिलने पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती मीना शर्मा और अनिल शर्मा भी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पोस्टमार्टम हाउस



पहुंचे और उन्होंने दिवंगत सुनील कोली के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढाढस बंधाया। इधर श्रीमती शर्मा ने नगर निगम के महापौर रामपाल सिंह और मुख्य नगर अधिकारी नरेश दुर्गापाल से भी मुलाकात की और स्वर्गीय सुनील कोली के परिजनों को अधिक से अधिक मदद दिलाए जाने की मांग की, उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सुनील कोली की पत्नी को नगर निगम में योग्यता अनुसार नौकरी पर भी लगाया जाए,जिससे वह अपने बच्चो का पालन पोषण कर सके,और उन्हें पड़ा लिखा कर काबिल बना सके।

# एचडीएफसी बैंक के चार कर्मचारियों एवं दलालों समेत आठ के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

## बैंक स्टेटमेंट सैलरी सीट आदि महत्वपूर्ण दस्तावेजों को फर्जी तरीके से कर देते थे तैयार

काशीपुर(उद संवाददाता)। एचडीएफसी बैंक के मैनेजर ने बैंक के 4 कर्मचारियों सहित 8 लोगों के खिलाफ फर्जी तरीके से लोन दिलवाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। एचडीएफसी बैंक के रिषि ओसवाल पुत्र कमल कुमार जैन ने एसएसपी उधम सिंह नगर को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके बैंक में कुमार किशोर निवासी नीझड़ा फार्म, जसपुर खुर्द, काशीपुर अनीता निवासी न्यू आवास विकास. राजपाल निवासी लक्ष्मीपुर लच्छी, बाजपुर रोड. हर सिंह निवासी काशी विश्वनाथ टैक्स टाइल, पेट्रोल पम्प, काशीपुर एवं विशाल कुमार निवासी पीपलगांव रोड, काशीपुर ने लोन के लिए आवेदन किया था। उक्त समस्त आवेदन पत्रों को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु बैंक के वेरिफायर संजीव कुमार पुत्र श्री कृपाल सिंह निवासी मुरादाबाद को भेज दिया जिसने कस्टमर द्वारा उपलब्ध कराये गये -अभिलेखों के साथ-साथ कार्यालय / घर का सत्यापन कर इसकी पुष्टि कर दी। संजीव कुमार द्वारा इन समस्त केसों को सत्यापित करने के पश्चात सिस्टम पर रिपोर्ट, फोटोज के साथ अपलोड कर दी गई। विभिन्न क्रेडिट आफिसर द्वारा अनुमोदनोपरान्त लोन की धनराशि स्वीकृति हेतु क्रेडिट हेड अतुल महाजन द्वारा 1. हर सिंह को 10 लाख रुपये। 2. विशाल सिंह को 15 लाख रुपये। 3. अनीता को 3 लाख रुपये 4. राजपाल कुबेर को 26 लाख रुपये एवं 5. कुमार किशोर को 9 लाख 50 हजार रुपये स्वीकृत कर दिये। बताया कि इन मामलों में एचडीएफसी बैंक ने कर्मचारियों एक्जीक्यूटिव सुमेग मेहरा द्वारा हर सिंह एवं श्री विशाल सिंह से सम्पर्क कर कस्टमर को आवेदन पत्र भरने के लिए लिंक भेजने एवं उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओ.टी.पी. लॉगिन करने के लिए निर्देशित किया गया। जिनके द्वारा दिनांक 21.04. 2023 एवं 24.03.2023 को सत्यापित कर दिया गया। जिसमें कस्टमर अपना पूर्ण विवरण अंकित कर दर्शाता है। इसी प्रकार एक्जीक्यूटिव चन्द्र किशोर झा द्वारा अनीता, कुबेर राजपाल एवं एक्जीक्यूटिव प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा किशोर कुमार से सम्पर्क स्थापित कर उनके मोबाइल पर लिंक ओ.टी.पी. लॉगिन कर कस्टमर से फार्म भरकर पूर्ण विवरण अंकित किये जाने की कार्यवाही की गई।ओसवाल ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदकों की लोन धनराशि स्वीकृत होने के पश्चात एचडीएफसी बैंक द्वारा कुछ केसों का कालान्तर में आकस्मिक परीक्षण किया जाता है, परीक्षणोपरान्त उक्त ऋणकर्ता हर सिंह, विशाल सिंह, अनीता, कुबेर एवं कुमार किशोर द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ प्रदत्त बैंक स्टेटमेंट एवं वेतन प्रमाण पत्र फर्जी तरीके से बनवाये गये। तदोपरान्त बैंक द्वारा इन समस्त ऋणकर्ताओं को वस्तुस्थिति से अवगत कराये जाने एवं बैंक में सम्पर्क करने हेतु कारण बताओ नोटिस भी भेजे गये। जिसका कोई उत्तर ऋणकर्ताओं द्वारा नहीं दिया गया और न ही बैंक से सम्पर्क स्थापित किया गया। ओसवाल ने बताया कि समस्त औपचारिकता पूर्ण करने के उपरान्त यह तथ्य स्पष्ट तौर पर सामने आया है कि इस कार्य में लिप्त बैंक कर्मियों सेल्स एक्जीक्यूटिव सुमेग मेहरा, चन्द्र किशोर झा, प्रदीप कुमार शर्मा के साथ-साथ वेरिफायर संजीव कुमार द्वारा अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतते हुए बिना स्पॉट विजिट किये तथ्यों से परे इन ऋणकर्ताओं के पक्ष में दुरभि संधि कर सकारात्मक रिपोर्ट अंकित कर दी गई जिसके लिये प्रथम दृष्ट्या यह पूर्णरूपेण दोषी है। ओसवाल ने बताया कि उक्त के अतिरिक्त हरवेन्द्र सिंह पुत्र रमेश चन्द्र निवासी कुडेश्वरी, सुरजीत कुमार पुत्र दर्शन सिंह निवासी लक्ष्मीपुर लच्छी. जीत सिंह पुत्र वीरपाल सिंह निवासी कुन्डेश्वरी, जुड़का-2, एवं मुकेश जो वर्तमान में दलाली का कार्य करता हैं, द्वारा इन समस्त लोनकर्ताओं से सीधे सम्पर्क कर फार्म भरवा कर बैंक कर्मियों से सम्पर्क स्थापित कराया गया। यह भी ज्ञात हुआ है कि इन ऋणकर्ताओं के बैंक स्टेटमेंट / सैलरी बनाने का कार्य भी इन्हीं लोगों द्वारा सम्पादित किया गया है। एसएसपी के आदेश पर रिषी ओसवाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 8 लोगों (बैंक कर्मचारियों और दलाल) के खिलाफ धारा 406, 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंप दी गई।

# बाईक पर अवैध शराब ले जाता गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को बाईक पर अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया । जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक धीरज टम्टा , अ.उ.नि. भरत सिंह, कानि. राकेश खेतवाल व दिनेश चन्द्र सिडकुल ढाल पर सड़क पर आते जाते वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति सिडकुल की तरफ से मोटर साईकिल की टंकी पर एक कट्टा रखकर आते हुए दिखाई दिया । पुलिस को देख कर जब वह वापस भागने का प्रयास करने लगा तो शक होने पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता गुरजीत सिंह पुत्र इकबाल सिंह निवासी गुरूद्वारे वाली गली बिन्दुखेडा बताया। बाइक के आगे रखे कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें कुल 100 पाऊच अवैध शराब के बरामद हुए। पुलिस ने शराब व बाईक संख्या यूके 06 एवाई 8582 को कब्जे में लेकर नशा तस्कर गुरजीत सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# हादसे में टिपर चालक घायल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामपुर रोड कत्था फैक्ट्री के पास कैंटर और टिप्पर की भिडंत हो गई है, जिसमें टिपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय भर्ती कराया गया है। टीपी नगर चौकी इंचार्ज सुशील जोशी घटना की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर जाम लग जाने से दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। पुलिस कर्मियों ने भारी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। बताया जा रहा है कि कैंटर और टिप्पर की तेज स्पीड होने के चलते जोरदार भिड़ंत हुई है। जिससे टीपर वाहन का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे स्थानीय लोगोंकी मदद से पुलिस ने एसटीएच भर्ती करवाया है।



# राइस मिलों में खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने की छापेमारी

## मानकों का पालन ना करने वाली मिलों पर कार्यवाही के दिये निर्देश

बाजपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर पहुंची उत्तराखंड सरकार में खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने कई धान मिलों का औचक निरीक्षण किया।अपने बाजपुर दौरे में खाद्य मंत्री ने धनलक्ष्मी फूड्स,धनलक्ष्मी सीड्स,उत्तरांचल फूड्स ,महाबीर राइस,ौड मीलों के औचक निरीक्षण में कई खामियां पाई।खासकर कर की धनलक्ष्मी सीड्स और महाबीर राइस मिल में खाद्य मंत्री ने खामियों को देखा।खाद्य मंत्री ने कहा कि धनलक्ष्मी फूड्स का जो प्लांट संचालित है जहां से यह प्लांट संचालित हो रहा है वह सही प्रकार से चल रहा है किंतु इन्ही की एक अन्य फर्म जो कि धनलक्ष्मी सीड्स से है यहां के निरीक्षण में कई खामियां मिली है। वहीं एएसएम मील के अपने निरीक्षण में खाद्य मंत्री को यह प्लांट बंद मिला।उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह प्लांट संचालन की अवस्था मे नही है क्योंकि जहां यहां धूल फैली हुई है तो वहीं यहां पर कर्मचारियों का ना होना भी इस बात की पुष्टि करता है कि यह प्लांट भी बंद है। कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह प्लांट सिर्फ एक डमी के रूप में लगाया गया है जिसका उद्देश्य सिर्फ धान का क्रय करना है।वहीं उन्होंने बताया कि महाबीर राइस मील के भी निरीक्षण में यही कमियां देखने को मिली है।कहा कि जिन भी मिलों में कमियां पाई गई हैं वहां पर सौरटैक्स मशीन मौजूद नही है।साथ ही अन्य भी बहुत सी कमियां हैं।इन राइस मिलों में ना ही सौरटैक्स मशीन, ड्रायर प्लांट, ब्लेन्डिंग मशीन का ना होना पाया गया इसके अलावा भी कई अन्य खामियां इन मिलों में देखने मे आई।प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि यह प्लांट सिर्फ एक डमी के रूप में स्थापित किये गए हैं जो कि लापरवाही की घोर पराकाष्ठा है। खाद्य मंत्री ने कहा कि शाशन को यह स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए हैं कि ऐसी सभी मिलों को जो कि नियमो के विपरीत काम कर रहे हैं उनके इम्पेलमेंट को समाप्त किया जाए। जो मिल नियमो का पालन जंर रही हैं उन्हें नियमो का पालन ना करने वाली मिलो के लक्ष्य को निरस्त करते हुए दे दिए जाएं।साथ ही शाशन को यह भी निर्देश दिए हैं कि तीन दिनों के भीतर आदेश जारी करते हुए जांच आख्या से भी अवगत कराएं और आरएएफसी ,एम आई पर कारवाही करना सुनिश्चित करें।अगर जरूरत पड़ती है तो एफआईआर करना भी सुनिश्चित करे। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह बेहद ही घोर लापरवाही की बात है कि राइस मिलों के द्वारा नियमो को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है जिसे की बर्दास्त नही किया जाएगा। कहा कि विभागीय सचिव को ऐसी मिलो के खिलाफ और अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।







# अवैध खनन ले जा रहा डंपर सीज

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। वन विभाग की टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान अवैध खनन सामग्री ले जा रहा डंपर सीज कर दिया। जानकारी के अनुसार प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय बनाधिकारी के दिशा निर्देशन में वन अपराध नियत्रंण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत वन सुरक्षा दल को सूचना मिली कि किच्छा सितारगंज मार्ग से 1 डंपर अवैध रूप से विना रायल्टी के खनन सामग्री लेकर जा रहा है। सूचना पर टीम ने उक्त मार्ग पर घेरा बंदी की गई और वाहन संख्या यूपी 27एटी-6528 को रोकने का इशारा किया गया टीम को देख



कर वाहन चालक मार्ग के विपरीत दिशा मे वाहन को खड़ा करके भाग गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में लगभग में लगभग 450 कुनटल रेता लदा पायाअवैध रेता संबंधित आवश्यक कोई भी वैध प्रपत्र मौके पर वाहन में नहीं मिले। उक्त वाहन को टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेकर विभागीय ससाधनों की सहायता से अग्रीम विधिक कार्यवाही हेतू बाराकोली रेंज के शक्तिफार्म वन परिसर में सुरक्षित खड़ा कर दिया गया है टीम में भूपाल जीना वन दरोगा ,निर्मल रावत वन दरोगा , सोनू कुमार वन आरक्षी, कालू सिंह वाहन चालक मौजूद थे।

# सरस्वती इंस्टीट्यूट के छात्र का जिला कबड्डी टीम में चयन

गदरपुर (उद संवाददाता)। सरस्वती इंस्टीट्यूट के प्रशिक्षक बृजेश दुबे ने बताया कि शिक्षा विभाग खेल विभाग और युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल महाकुंभ का संयुक्त रूप से आयोजन किया जा रहा है किड्स पैराडाइज स्कूल में विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया इसमें सरस्वती इंस्टिट्यूट बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र अर्जुन पाल सिंह का सलेक्शन जिला कबड्डी टीम में हुआ है। इस मौके पर अर्जुन पाल सिंह ने बताया कि कूल्हा स्टेडियम में वह



नियमित रूप से कबड्डी का अभ्यास करने जाते है वहां पर प्रशिक्षक संदीप मैंने जो खेमपुर गांव के रहने वाले हैं सभी लड़के लड़कियों को कबड्डी की विशेष तैयारी कराई जा रही थी जिसमें कूल्हा स्टेडियम की पूरी अंडर -19 टीम प्रथम स्थान पर आई है और कूल्हा स्टेडियम की टीम जिले में प्रतिभाग करने जाएगी। अर्जुन पाल सिंह ने कहा कि सरस्वती इंस्टिट्यूट के वह बीकॉम ऑनर्स के प्रथम वर्ष के छात्र हैं और कॉलेज का उन्हें पूरा सहयोग मिला है।

# योगेश पांडे एनएसयूआई के महानगर अध्यक्ष बने

रूदपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर के छात्र नेता और कांग्रेस के समर्पित सिपाही योगेश पांडे को रुद्रपुर महानगर एनएसयूआई का अध्यक्ष बनाया गया है। महानगर अध्यक्ष बनने के बाद योगेश पांडे, उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के आवास पर पहुंचे, जहां श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने नव मनोनित एन एस यू आई महानगर अध्यक्ष योगेश पांडे का फूलमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कहा



कि रुद्रपुर में एनएसयूआई को मजबूत करने के सकारात्मक प्रयास होंगे और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र इकाई को मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, एनएसयूआई के पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन भट्ट सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। इधर श्रीमती शर्मा ने एन एस यू आई जिला अध्यक्ष लवदीप सिंह का योगेश पांडे को रुद्रपुर महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर आभार व्यक्त किया है।

# कार्तिक मास में कथा सुनने का विशेष महत्व

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास की कथा के 29वें दिन की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने बताया कि जो भगवान विष्णु के भजन में तत्पर होकर कार्तिक में पराए अन्न का त्याग करता है वह अनंत पुण्य फल प्राप्त करता है, जो प्रतिदिन भागवत संबंधी चर्चा करते हुए कार्तिक मास व्यतीत करता है वह अपने संपूर्ण पापों को जला डालता है और दस हजार यज्ञों का फल प्राप्त करता है, कार्तिक मास में शास्त्रीय कथा के कहने सुनने से भगवान मधुसूदन को जैसा संतोष होता है वैसे उन्हें यज्ञ दान अथवा जप आदि से भी नहीं होता, जो मनुष्य सदा नियम पूर्वक कार्तिक मास में भगवान विष्णु की कथा सुनता है उसे हजार गोदान का फल मिलता है। प्रभात फेरी राजू बजाज एवं श्रीमती रजनी बजाज के निवास पर गई। मन्दिर में प्रसाद की सेवा शोनित मदान एवं मधुर मदान और विनोद डूमरा एवं श्रीमती सीमा डूमरा के परिवार द्वारा दी गई।



# प्रभातफेरी में शामिल हुई सैकडों संगत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश गुरपुरब के उपलक्ष्य में पांचवी प्रभातफेरी प्रात: पांच बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा से शुरू हुई। प्रभातफेरी नैनीताल रोड, हरबंस पेट्रोल पंप , तिकोनिया चौराहा, ठंडी सड़क, गोविंद पूरा, सुभाष नगर,



आवास विकास चौराहा, श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल खालसा गर्ल्स इंटर कॉलेज के आगे से होती हुई कृष्णा हॉस्पिटल के बाहर मेन रोड, भसीन पेट्रोल पंप, गुरुनानक पेट्रोल पंप होते हुए गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा पहुंची। भारी संख्या में लोगो ने प्रभात फेरी में भाग लिया। शबदी जत्थों के रूप में संगत का उत्साह देखते ही बनता था। जगह जगह संगत ने घरों को बिजली की मालाओं से सजा कर, आतिशबाजी कर व प्रभातफेरी पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा पहुंच कर कमेटी ने प्रभातफेरी का भव्य स्वागत किया। संगत ने कीर्तन दरबार में हाजिरी भरी और मुख्य ग्रंथी ने अरदास कर प्रभातफेरी का समापन किया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा कमेटी ने गुरुद्वारा गुरुनानक पूरा कमेटी एवं संगत का धन्यवाद किया। गुरपुरब पर मुख्य आयोजन कल 26 नवम्बर की शाम को 7 से 10 बजे तक गुरद्वारा साहिब के अंदर दिवान सजेंगे एवं 27 नवंबर को सुबह 9.30 बजे से 2.30 बजे तक रामलीला मैदान में भव्य धार्मिक दीवान सजेंगे जिसमे बाहर से आए कीर्तनिये एवं प्रचारक गुरु जस से समूह संगत को निहाल करेंगे। गुरु का लंगर अतूट बरतेगा। प्रभात फेरी में रंजीत सिंघ आनंद, अमरजीत सिंघ बिंद्रा, अमरजीत सिंघ सेठी, नरेंद्रजीत सिंघ रोड़ू, अमरीक सिंघ आनंद, जसपाल सिंघ मालदार, अमरजीत सिंघ साहनी, परविंदर सिंघ प्रिंस, मनप्रीत सिंघ अर्शी, परमजीत सिंघ पम्मा, रविंदरपाल सिंघ राजू, बलविंदर सिंघ, अवनीत सिंघ, कमलदीप सिंघ ओबरॉय, प्रभजोत सिंघ रिंकल, शमी, दलजीत सिंघ, जसपाल सिंघ, अमरजोत सिंघ, तेजिंदर सिंघ, अमनप्रीत सिंघ, अमनपाल सिंघ लवी, जगमोहन सिंघ राजू, छोटू वीरजी आदि ने सहयोग किया।

# कच्ची खमरिया पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विकासखण्ड रूद्रपुर की ग्राम पंचायत कच्ची खमरिया में लाभार्थीपरक योजनाओं के संतृप्तीकरण हेतु लक्षित लाभार्थियो तक समयबद्ध रूप से पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रमस्थल पर लाभार्थियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलायी गयी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हथकरघा विभाग, गन्ना विकास विभाग, नलकूप विभाग, खाद्य विभाग, आयुष्मान भारत, कृषि विभाग, बाल विकास विभाग, नाबार्ड, प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र, इत्यादि विभागों द्वारा स्टॉल लगाई गयी। उक्तानुसार आयोजित कार्यक्रम ग्रामपंचायत कच्ची खमरिया में 31 पुरूष एवं 18 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियों को समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे- आत्मा योजना, के.सी.सी. और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक कृषि एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पी.एम.के.एस.वाई. योजना, पी.एम. उज्जवला योजना



इत्यादि योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया एवं मौके पर लाभार्थियों को सम्बन्धित विभागों द्वारा राजसहायता पर निवेशों / सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामपंचायत कच्ची खमरिया में 04 कृषकों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव सांझा किया गया। कार्यक्रम में इच्छुक लाभार्थियों के उज्जवला योजना कार्ड भी बनाये गये। कार्यक्रम में जनपदस्तरीय नोडल अधिकारी राजेन्द्र चौहान, सहा०निदेशक, डेयरी, ऊधमसिंहनगर एवं ग्राम पंचायतवार नियुक्त सहायक नोडल अधिकारी शिवदत्त पाण्डेय, एवं, ग्राम प्रधान, अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे।

# चौराहों में लगाए गये सीसीटीवी कैमरों का किया लोकार्पण

## अपराध नियंत्रण व महिला सुरक्षा के लिये महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी तीसरी आंख: अरोरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अपराध नियंत्रण एवं महिला सुरक्षा के दृष्टिगत विधायक शिव अरोरा ने विधायक निधि से बाजार क्षेत्र व उसके आस पास मुख्य चौराहों में लगाए गये कैमरों का लोकार्पण गांधी पार्क में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी की मौजूदगी में नारियल फोड़ कर किया। जिसमें पहले चरण में 48 कैमरे पुलिस विभाग को समर्पित किये गये जिसका नियंत्रण पुलिस विभाग द्वारा 24 घण्टे किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा विधायक बनते ही उन्होंने कहा था कि नाली सड़क या अन्य कार्य सामान्यत: सभी जनप्रतिनिधि करते हैं लेकिन रुद्रपुर विधानसभा उत्तर प्रदेश के कई जगह से बॉर्डर लगते है उस दृष्टि से यहां आये दिन आस पास के क्षेत्रों से अपराधी आते हैं और वारदात के बाद पुन: अपने क्षेत्र को लौट जाते हैं जिससे उनपर नकेल कसना कठिन हो रहा था जिसके दृष्टिगत यह सीसीटीवी कैमरे जिसको हम तीसरी आँख बोलते हैं इसको पहले चरण में हमने बाजार क्षेत्र व उसके आस पास लगाया है जो अपराधी को अपराध करने से पहले कई बार चेताने का कार्य करेगा और यदि वारदात होती है तो उसमें अपराधी को पकड़ने में ये कैमरा कारगर सिद्ध होगा। विधायक अरोरा ने कहा उनका लक्ष्य है विधानसभा रुद्रपुर भयमुक्त हो अपराध मुक्त हो जिसके लिये वह हर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य चरणबद्ध रूप से करेंगे तो उसके निमित पुलिस विभाग के आग्रह पर दूसरे चरण में ट्रांजिस्ट कैम्प फुलसूंगा अटरिया रोड गंगापुर रोड क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे का जाल बिछाया जाएगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा इसी प्रकार पुलिस विभाग जहां जरूरत अनुसार कैमरे लगाने को कहेगा उसको पूरी प्राथमिकता के आधार पर करवाने का कार्य करेंगे। विधायक ने दूसरे चरण के लिये 10 लाख की धनराशि जारी करने की घोषणा की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने विधायक शिव अरोरा का आभार जताते हुए कहा कि आधुनिक युग में अपराध नियंत्रण के लिये नई नई टेक्नोलॉजी विकसित हो गयी है जिसमे अपराधी और अपराध पर नियंत्रण हेतु सीसीटीवी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तो विधायक शिव अरोरा ने बाजार क्षेत्र में कैमरे लगाए हैं जो व्यापारी वर्ग के साथ साथ आमजन के लिये भी उपयोगी साबित होंगे, उन्होंने कहा कि हम 1000 से ऊपर कैमरे विभिन्न माध्यमो से लगवा चुके हैं उनका लक्ष्य 2000 कैमरे लगाने का है। साथ ही विधायक रुद्रपुर का आगे भी कैमरे लगाने में इसी प्रकार सहयोग मिलता रहै यह हमको अपेक्षा रहेगी, वही यह तीसरी आँख सीसीटीवी कैमरा अपराधियों की कमर तोड़ने के लिये बहुत कारगर साबित होगा। वही विधायक शिव अरोरा का पुलिस विभाग द्वारा शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर इस सीसीटीवी की सौगात देने हेतु आभार जाता और भविष्य में इस प्रकार सहयोग मिलता रहे । इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, मंडी चेयरमैन के के दास, देवभूमि व्यापार मंडल अध्यक्ष गुरमीत सिंह, जिला महामंत्री अमित नारग, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसपी क्राइम मनीषा जोशी, सीओ अनुषा बडोला, आरआई वेद प्रकाश भट्ट , सीओ संचार रेवधर मठपाल , कोतवाल विक्रम राठौर, टीआई विजय विक्रम, सीपीयू राकेश बिष्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, सुरेश कोली,किरन विर्क, सुनील ठुकराल , धरेंद्र मिश्रा, शालनी बोरा, स्वाति शर्मा, महि सकलानी, राधेश शर्मा, सुनील यादव, विनय बत्रा, मोहन तिवारी, वेद ठुकराल, , रवि सिडाना, हरीश अरोरा, मयंक कक्कड़, सोनू अनेजा, सुरेश शर्मा, संजीव शर्मा, राजेश गर्ग, मनोज मदान, सुशील गाबा, राजेश पप्पल, विक्की घई, उमेश पसरीचा नमन चावला, राजेश जग्गा, भीमसेन गुप्ता, विकास सागर, सुनील सागर, डंम्पी चोपड़ा, विकास बठला, मनमोहन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।








# 'राष्ट्रीय एकता यात्रा' पर आए छात्र-छात्राओं ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में 'राष्ट्रीय एकता यात्रा' पर आए केंद्र शासित प्रदेश, लद्दाख क्षेत्र की नुब्रा घाटी के छात्र-छात्राओं ने भेंट की। भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सद्भावना' के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता यात्रा में लद्दाख क्षेत्र की नुब्रा आर्यन घाटी के 4 शिक्षकों के साथ 30 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। यह छात्र-छात्राएं लद्दाख क्षेत्र से बाहर निकल कर देहरादून स्थित आईएमए, आरआईएमसी और एफआरआई जैसे विभिन्न संस्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। बच्चों की इस यात्रा का उद्देश्य यहां की संस्कृति, परंपराओं, विकास, तकनीकी और आर्थिक प्रगति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करना है। इसके साथ-साथ बच्चों को बाहरी दुनिया से परिचित कराना और उनके व्यक्तित्व का विकास करना है। 1862 लाईट रेजिमेंट की संचालन टीम के लीडर ले0 कर्नल वरूण देवरानी के नेतृत्व में लद्दाख दुर्गम, विरल और सुदुर क्षेत्र के ये छात्र-छात्राएं अपनी पारंपरिक वेश-भूषा में आए। राज्यपाल ने सभी से वार्तालाप की और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे जीवन में हमेशा बड़ा लक्ष्य रखें और फिर सपने को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास करें। राज्यपाल ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। राज्यपाल ने कश्मीर और लद्दाख में सेवाएं देने के दौरान अपने अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक यात्रा उन्हें कई चीजें सीखने को मिलेंगी जो आगे उनके भविष्य में काम आएंगी। राज्यपाल ने छात्रों को उनके करियर और आगे के भविष्य के लिए समृद्ध अवसर प्रदान किए जाने के लिए 1862 लाइट रेजिमेंट के प्रयासों की सराहना की।



# मारपीट कर स्कूटी व नगदी लूटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तीन अज्ञात युवकों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर उसकी स्कूटी और जेब में रखी नगदी लूट ली तथा मौके से फरार हो गये। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अतीक अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी ग्राम हाजीनगर थाना पटवई जिला रामपुर ने कहा है कि वह प्रीत बिहार-1 थाना में किराये में निवास करता है। 2 नवम्बर को वह अपने गांव हाजीनगर से बच्चों से मिलने प्रीत विहार में आया था और बच्चों से मिलने के बाद अपने घर हाजीनगर को स्कूटी संख्या टीएस 13 ई 9378 पर सवार होकर जा रहा था। प्रीत विहार मोड़ पर वह लघुशंका के लिये सड़क के किनारे रूका और वापस आकर स्कूटी में बैठा था कि तभी पीछे से आकर एक लड़के ने उसके सिर पर हाथ से जोर से तमाचा मारा। उसी समय दो और लोग आकर उसके साथ मारपीट करने लगे और उसकी स्कूटी लूट ली और जेब में रखा पर्स भी छिनकर ले गये जिसमें उसका एसबीआई व पेटीएम का एटीएम कार्ड व 900 रूपये थे। स्कूटी व पर्स लूटकर वे तीनों लोग बिलासपुर की ओर उसकी स्कूटी से भाग गये। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर वाहन लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

# अवैध शराब के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक महिला सहित दो लोगों को अलग अलग स्थानों से अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत चौकी महतोष क्षेत्र के ग्राम मुकुंदपुर में ईंट भट्ठे के पास पुलिस ने देवी मंडल पत्नी स्वर्गीय विप्रो दास निवासी ग्राम सेठी ईट भट्ठे के पास मकरंदपुर थाना गदरपुर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गयी महिला के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद जेल भेजने की कार्रवाई की गयी हैं पकड़ने वाली टीम में कांस्टेबल कुंदन सिंह ,महिला कांस्टेबल पार्वती गोस्वामी शामिल रहे। वही चौकी गूलरभोज उप निरीक्षक राकेश द्वारा ग्राम रामचंद्रपुर से आगे ए एन के तिराहे से 100 कदम आगे अभियुक्त धर्म सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी रामचंद्रपुर गूलरभोज थाना गदरपुर को एक सफेद रंग के प्लास्टिक के जारिकें में 19 लीटरशराब खाम के गिरफ्तार कर लिया।पुलिस टीम में कांस्टेबल लक्ष्मण कुमार, रघुवर सिंह शामिल रहे।





# लूटे गये माल और चोरी की बाइकों सहित दो शातिर दबोचे

किच्छा। क्षेत्र में पुलिस के चुनौती बन रहे छीना झपटी गैंग के बदमाशो को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। प्रेस वार्ता कर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गैंग पुलभट्टा सितारगंज आदि क्षेत्रों में छीना झपटी व मोटरसाईकिल चोरी करने के अपराध में सक्रिय था। इसी गैग द्वारा पुलभट्टा क्षेत्र से लोगों से छीना झपटी एंव मोटरसाइकलो की चोरिया की जा रही थी। थाना पुलभट्टा में वादी राम चन्द्र मौर्य पुत्र भोलेराम निवासी ग्राम पिपलिया गणेश थाना बहेडी जिला बरेली ने तहरीर दी थी जिसमें मोटरसाईकिल सवार 3 व्यक्तियों अज्ञात द्वारा दो हजार की नगदी और पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य कागजात छीन कर ले जाने एंव छीना झपटी मे मोबाईल क्षति ग्रस्त हो जाने का मामला पंजीकृत कराया था। इन्ही अज्ञात चोरो के विरूद्ध वादी अनीश बाबू पुत्र फखरुद्दीन निवासी वार्ड न0 19 सिरौली कलां थाना पुलभट्टा ने भी तहरीर दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने घटनाओं का अनावरण करने के आदेश दिये थे। थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व में गठित टीम ने मामले में नदेली रोड बरा तिराहे के पास से परवेज पुत्र जलीस अहमद निवासी ग्राम शहदौरा थाना पुलभट्टा , अनीस पुत्र जमील निवासी ग्राम उतरसिया महोलिया थाना बहेडी जिला बरेली हाल निवासी ग्राम शहदौरा थाना पुलभट्टा को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मोटरसाईकिल पर सवार तीसरा व्यक्ति रियाज अली पुत्र भूरा शाह निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना पुलभट्टा अंधेरे का फायदा उठाकर खेतो में भाग गया। पकड़े गये बदमाशों के पास से चोरी की गयी बरामद हुई। जामातलाशी लेने पर लूटा गया एक काले रंग का पर्स और 1000 रुपये बरामद हुए । पूछताछ मे दोनो ने बताया कि मौके से भागा हमारा साथी रियाज अली पुत्र भूरा शाह निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना पुलभट्टा है तीनो स्मैक के नशे के आदी हैं । नशे की पूर्ति के लिए आए दिन चोरी व छीना झपटी आदि करते रहते है। दीपावली के दिन तीनों ने सिरौलीकलां मे एक घर के पास से ये मोटरसाईकिल चुराई थी जिसे बरेली की तरफ बेचने के लिए ले जा रहे थे तथा एक दो दिन पहले ही तीनों ने शंकर फार्म के पास एक लडके से उसका पर्स छीना था लिया था यह वही पर्स है। इसके अलावा तीनोंने सितारगंज, किच्छा, पुलभट्टा, पूरनपुर, पीलीभीत, बरेली व अन्य स्थानों से भी मोटर साईकिल चोरी की है और आते जाते लोगो के साथ छीना झपटी की घटना की है । पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट,उनि पंकज कुमार,उनि पवन जोशी, अउनि प्रताप सुयाल,हेका फिरोज खान,हेका धरमवीर सिंह,का महेन्द्र सिंह,का दीपक विष्ट आदि शामिल थे।





उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## डीपफेक की बढ़ती प्रवृत्ति

सूचना तकनीक के तीव्र प्रसार ने जहां एक तरफ बहुत सारी सुविधाएं प्रदान की हैं, वहीं कई चुनौतियां भी पेश की हैं। इस तकनीक का उपयोग बहुत सारे ऐसे लोग भी करने लगे हैं, जो समाज में अस्थिरता, नफरत, वैमनस्यता और उत्तेजना फैलाना या किसी को बदनाम कर सनसनी पैदा करना चाहते हैं। झूठी खबरों और सूचनाओं के चलते अनेक जगहों पर लोगों को उत्तेजित होकर भीड़ हिंसा करते भी देखा जा चुका है।ऐसी सूचनाओं पर लगाम कसने के लिए सरकार ने कड़े कानूनी उपाय किए हैं। मगर अब एक नई चुनौती के रूप में डीपफेक से फर्जी तस्वीरें बना कर इंटरनेट के सामाजिक मंचों पर साझा करने की प्रवृत्ति उभरी है। डीपफेक दरअसल कृत्रिम मेधा के जरिए किसी और के चेहरे पर किसी और का चेहरा चिपका कर नकली तस्वीर बनाने की विकसित कर ली गई एक तकनीक है।पिछले दिनों इस विधि से कुछ फिल्मी अभिनेत्रियों की भोंडी तस्वीरें बना कर सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई थी, जिसे लेकर उन्होंने गंभीर आपत्ति दर्ज कराई थी। उस पर चर्चा चली तो प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी भी इसी तरह की गरबा करते एक तस्वीर फैलाई गई थी। डीपफेक की बढ़ती प्रवृत्ति पर उन्होंने चिंता जाहिर की थी।अब केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस तरह की तस्वीरें जारी किए जाने को लेकर गंभीरता दिखाई है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने सोशल मीडिया मंचों को संचालित करने वाली कंपनियों के साथ बैठक की और उन्हें ऐसी गतिविधियों की पहचान करने, उन पर रोक लगाने के उपाय तलाशने को कहा। मंत्री ने इसके लिए जल्द ही नए कानून बनाने की भी घोषणा की है। दरअसल, डीपफेक ही नहीं, पूरी कृत्रिम मेधा को लेकर रचनात्मक काम करने वालों में गहरी चिंता और क्षोभ देखा जा रहा है। इससे बौद्धिक संपदा में खुली सेंधमारी होने, फर्जी सूचनाओं, तस्वीरों और रचनात्मक, संवेदनशील विधाओं में भोंडी नकल की अराजकता पसरने का खतरा महसूस किया जाने लगा है। बहुत सारे लोग इसका रोजगार पर भी बुरा असर भांप रहे हैं।हालांकि कृत्रिम मेधा के चलन को पूरी तरह रोकने की हिमायत नहीं की जा सकती, क्योंकि विज्ञान के अनेक क्षेत्रों में बदलती जरूरतों के मद्देनजर इसकी उपयोगिता असंदिग्ध कही जा सकती है। चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में इससे नई क्रांति की उम्मीद की जा रही है। मगर रचनात्मक कामों में इसका दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। एक फर्जी और नकली रचनात्मक संसार पसरने लगा है। इसका सबसे अधिक दुरुपयोग समाज में विकृति पैदा करने वाले कर रहे हैं। इसलिए इस पर तत्काल लगाम लगाना वक्त की जरूरत है।किसी भी तकनीक का विकास इस मंशा से नहीं किया जाता कि समाज और मानव जीवन को विकृत किया जा सके, विद्रूप रचा जा सके। मगर कुत्सित और उपद्रवी मानसिकता के लोग उनका दुरुपयोग कर ऐसा माहौल बनाने का प्रयास करते ही हैं। कानून के भय से ही उन पर अंकुश लगाया जा सकता है। जब कृत्रिम मेधा को लेकर इतने बड़े पैमाने पर आशंकाएं जताई जा रही हैं और उसके दुरुपयोग के शुरुआती प्रभाव समाज पर दिखने शुरू हो गए हैं, तो निस्संदेह सरकार से इसके लिए एक प्रभावी नियामक तंत्र विकसित करने और कंपनियों को जवाबदेह बनाने की अपेक्षा की जाती है। अच्छी बात है कि सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्दी ही इसे लेकर समग्र रूप से व्यावहारिक कानून आएंगे, जिससे हर तरह की आशंका का शमन संभव हो सकेगा।

# डॉ. भरत पांडेय देवभूमि शिक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार से होंगे सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर के डॉ भारत पाण्डे को देवभूमि शिक्षा उत्कृष्ट 2023 पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 27



नवंबर को उत्तराखंड शिक्षा सत्र 2022-23 में नवाचार और अन्य एकेडमी कार्यों की उत्कृष्टता का मूल्यांकन कर पूरे राज्य भर से 16 शिक्षकों और शोधार्थियों का इस पुरस्कार हेतु नाम चयनित किया गया है। यह पुरस्कार एमआईईटी कुमाऊं लामाचौड में मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।डॉ. भरत पांडेय उत्तराखंड के रुद्रपुर में एस.बी.एस.जी.पी.जी. कॉलेज में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल, भारत से जूलॉजी, बॉटनी और रसायनशास्त्र में स्नातक डिग्री प्राप्त की है, उसके बाद रसायनशास्त्र में एम.एससी. और नैचुरल प्रोडक्ट रसायनशास्त्र में डॉक्टरेट किया है। डॉ. पांडेय की अध्ययन और शोध के क्षेत्र में विशेष दक्षता है और उन्होंने मान्यता प्राप्त पत्रिकाओं में कई शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। इसके अलावा, उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में पेपर प्रस्तुत किए हैं तथा रिसोर्स पर्सन भी रहे है इन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ठ.ब. छात्रों के लिए पुस्तकें लिखी हैं। महामारी के समय डॉ. भरत पांडेय ने अपने छात्रों की सहायता करने के लिए सक्रिय उपाय अपनाए। उन्होंने बीएससी छात्रों के लिए ई-नोट्स और ई-वीडियोज की तैयारी की। इसके साथ ही, उन्होंने उत्तराखंड में पहला रासायनिक विज्ञान का वर्चुअल प्रयोगशाला डिजाइन किया। जिस की देश एवम विदेश के वैज्ञानिकों ने तारीफ की । यह वर्चुअल प्रयोगशाला वास्तविक जीवन में होने वाले प्रयोगशाला अनुभव को नकल करने का उद्देश्य रखती है, जिससे छात्र वर्चुअल प्रयोगशाला में छात्र वैज्ञानिक प्रयोगों को समझने और अभ्यास करने का मौका प्राप्त करते हैं। छात्र इसमें विभिन्न विज्ञानिक प्रयोगों को स्वतंत्रता से कर सकते हैं और उनके परिणामों का विश्लेषण कर सकते हैं। इससे वे अपने शिक्षा को समृद्ध कर सकते हैं और रसायनशास्त्र के महत्वपूर्ण सिद्धांतों को समझ सकते हैं। डॉ. भरत पांडेय ने छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए भी अन्य साधनों का उपयोग किया है। उन्होंने छात्रों के लिए सेमीनार, वेबिनार, और विशेष व्याख्यानों का आयोजन किया है ताकि छात्रों को नवीनतम रसायनिक विज्ञान के बारे में ज्ञान प्राप्त हो सके। इसके साथ ही, उन्होंने छात्रों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है जिससे छात्र अपने अध्ययन को मजबूत कर सकते हैं और अपनी प्रदर्शन क्षमता को सुधार सकते हैं। डॉ. भरत पांडेय एक प्रेरक और सहायक शिक्षक हैं जो छात्रों को रसायनशास्त्र में सक्षम बनाने के लिए संपूर्ण समर्पण के साथ काम करते हैं। उनके प्रयासों से छात्रों को शिक्षा में गहराई और समझ मिलती है और वे अपने अध्ययन के माध्यम से समृद्धि कर सकते हैं।डॉ. भरत पांडेय ने छात्रों को रसायनशास्त्र में महत्वपूर्ण प्रयोगों और सिद्धांतों का अध्ययन कराने के लिए विभिन्न औद्योगिक प्रदर्शनशालाओं का उपयोग किया है। इन प्रदर्शनशालाओं में छात्र स्वयं कार्य करके रसायनशास्त्र के विभिन्न पहलुओं को समझते हैं और विश्लेषण करते हैं। यह छात्रों को वास्तविक जीवन में रसायनशास्त्र के अनुप्रयोग का एक महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करता है। इसके साथ ही, डॉ. भरत पांडेय को नस्माज्ञ वॉल ऑफ फेम वर्ष 2022 देश के शीर्ष 20 विशेषज्ञों में शामिल किया गया।भारत सरकार द्वारा प्रमाणित औद्योगिक विकास, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के रजिस्टर्ड संगठन "रेसटेकस्किल्स सोसायटी रिसर्च सोसायटी फॉर टेक्निकल स्किल्स" द्वारा विज्ञान शिक्षक डॉ. भारत पांडेय को "सर्वश्रेष्ठ शिक्षाविद" पुरस्कार 2023 के लिए सम्मानित किया गया है।साथ ही डॉ भारत पाण्डे को सत्र 2023 के लिए "अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार" हिलसा (नालंदा) के एस। यू। कॉलेज एवंम इंटरनेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आईसीएस आरडी) बेंगलुरु, द्वारा दिया गया।

# शहीद पैरा कमांडो संजय बिष्ट को श्रद्धांजलि देने उमड़े लोग

नैनीताल। जम्मू के राजोरी में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में नैनीताल जिले के रातीघाट निवासी पैरा कमांडो संजय सिंह बिष्ट शहीद हो गए थे। शुक्रवार की दोपहर 2.20 बजे उनका पार्थिव शरीर जम्मू राजोरी से सैनिक स्कूल घोड़ाखाल हैलीकॉप्टर से पहुंचा। जहां उनके पार्थिव शरीर को नैनीताल एसडीएम प्रमोद कुमार, रानीखेत केआरसी के ब्रिगेडियर गौरव बग्गा, केआरसी रानीखेत के कर्नल राजेश रद्द, सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन विजय डंगवाल ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि



दी। शहीद के शव पहुंचते ही लोगों ने जब तक सूरज चांद रहेगा संजय तेरा नाम रहेगा और भारत माता की जय के नारों से शहीद को श्रद्धांजलि दी। रानीखेत केआरसी के सैन्य अधिकारी शहीद का शव लेकर उसके घर रातीघाट रवाना हो गए हैं। रातीघाट के चित्रशिला घाट पर शहीद का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

# दून में शुरू हुआ क्रिकेट का रोमांच: कई देशों के पूर्व क्रिकेटर पहुंचे

देहरादून। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) का छठा और दून में पहला मुकाबला मणिपाल टाइगर्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच खेला गया। इसमें चाडविक वाल्टन की शतकीय पारी से मणिपाल टाइगर्स ने 89 रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया। शुक्रवार को रायपुर स्तिथ राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में भीलवाड़ा किंग्स ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी मणिपाल टाइगर्स के रॉबिन उथप्पा और चाडविक वाल्टन ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 87 रन जोड़े। टीम के कप्तान रॉबिन उथप्पा ने 30 गेंदों में पांच छक्के और दो चौकों के बदौलत 51 रन की पारी खेली। टीम के लिए वाल्टन ने सबसे ज्यादा 55 गेंदों में 104 रन बनाए। उन्होंने छह छक्के और नौ चौके लगाए। जबकि हैमिल्टन मसाकाद्जा ने दो छक्के और एक चौके के दम पर 37 रन बनाए। इसके साथ ही मणिपाल टाइगर्स ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट खो कर 211 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भीलवाड़ा किंग्स के लिए तिलकरत्ने दिलशान और सोलोमन मायर ने ओपनिंग बल्लेबाजी की। लेकिन टीम की शुरुआत कुछ अच्छी नहीं रही। मायर तीन रन बना तो लेंडल सिमंस बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद दिलशान भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और 26 रन बना आउट हो गए। इसके बाद रोबिन बिष्ट और यूसुफ पठान भी कम स्कोर बना चलता बने। जबकि टीम के अन्य खिलाड़ी भी कोई खास असर नहीं दिखा पाए और टीम आठ विकेट खो कर 122 रन के स्कोर पर सिमट गई। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एक साल बाद रौनक देखने को मिली। बीते साल सितंबर में रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के मैच खेले गए थे। इसके करीब एक साल से ज्यादा के समय के बाद दून में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुकाबले खेले गए। दूसरा मैच आज यानी शनिवार को इंडिया कैपिटल्स व साउदर्न सुपर स्टार्स और आखिरी दिन गुजरात जायंट्स व अर्बन राइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। छह-छह टीमों का यह टूर्नामेंट भारत के पांच शहरों देहरादून, रांची, जम्मू, वायजाग और सूरत में खेला जा रहा है। 18 नवंबर से शुरू हुई लीग का समापन नौ दिसंबर को होगा। मैच के दौरान दर्शकों ने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाली सचिन तेंदुलकर, कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी समेत ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शेन वॉटसन को याद किया। दर्शकों में तीनों खिलाड़ियों के लिए जमकर नारेबाजी की। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एक साल बाद क्रिकेट मुकाबला खेला गया। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के लिए तैयार किए गए मैदान का हाल देखकर खिलाड़ियों के चेहरे का रंग उतर गया। मैदान में कई जगह मिट्टी के स्पॉट नजर आए। मैदान को भांपने के बाद खिलाड़ियों ने फील्डिंग के लिए ज्यादा छलांग नहीं लगाई। मैदान पर नई घास के पैच लगाए गए हैं जो अलग ही नजर आ रहे हैं। वेस्ट पवेलियन की तरह बाउंड्री के पास मिट्टी का पैच वर्क भी नजर आया। स्टेडियम की पिच को लीजेंड्स लीग के लिए 25 दिनों में तैयार किया गया है। इससे पहले यहां मैदान पर बड़ी-बड़ी घासें उगी हुई थीं। बीते वर्ष भी मैदान का हाल कुछ इसी तरह रहा था। मैदान का नियमित रखरखाव नहीं होने की वजह से इस तरह की स्थिति बन रही है। इससे स्टेडियम की छवि धूमिल हो रही है। **इंडिया कैपिटल्स:** गौतम गंभीर (कप्तान), भरत चिपली, हाशिम अमला, केविन पीटरसन, किर्क एडवर्ड्स, रिकार्डो पॉवेल, वाई ज्ञानेश्वर राव, यशपाल सिंह, बेन डंक (विकेटकीपर), मोर्ने वान विक (विकेटकीपर), एशले नर्स, दिलहारा फर्नांडो, फिदेल एडवर्ड्स, ईश्वर पांडे, कोटारंगदा अपन्ना, मुनाफ पटेल, प्रवीण तांबे, रस्टी थेरॉन। **साउदर्न सुपर स्टार्स :** एरोन फिंच (कप्तान), आंद्रे मैक्कार्थी, कैमरून व्हाइट, राजेश बिश्नोई, रमीज खान, रॉस टेलर, तन्मय श्रीवास्तव, उपुल थरंगा, अमित वर्मा, बिपुल शर्मा, फरवीज महारूफ, जेसी राइडर, जोहान बोथा, मनविंदर बिस्ला (विकेट कीपर), श्रीवत्स गोस्वामी (विकेटकीपर), अब्दुर रज्जाक, अमिला अपोंसो, अशोक डिंडा, पंकज राव, सुरंगा लकमल।





## दून में 26 नवंबर तक लीजेंड्स लीग क्रिकेट के तीन मुकाबले खेले जाएंगे

देहरादून। एक साल बाद दून में क्रिकेट के धुरंधर फिर जुटे हैं। वे अपने बल्ले व गेंदबाजी का जलवा दिखाते हुए नजर आएंगे। इसके लिए भारत समेत अन्य देशों के कई पूर्व क्रिकेटर दून पहुंच चुके हैं। दून में तीन दिन तक लीजेंड्स लीग क्रिकेट के तीन मुकाबले खेले जाएंगे। बीते साल सितंबर में रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के मुकाबलों के दौरान ये धुरंधर दून आए थे।लीग के तीनों मैच रायपुर स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने हैं। 24 से 26 नवंबर तक खेले जाने वाले मुकाबलों में पहला मैच भीलवाड़ा किंग्स व मणिपाल टाइगर्स के बीच हुआ। दूसरा मैच इंडिया कैपिटल्स व साउदर्न सुपर स्टार्स और आखिरी दिन गुजरात जायंट्स व अर्बन राइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। छह-छह टीमों का यह टूर्नामेंट भारत के पांच शहरों देहरादून, रांची, जम्मू, वायजाग और सूरत में खेला जा रहा है। 18 नवंबर से शुरू हुई लीग का समापन नौ दिसंबर को होगा। आज होने वाले मुकाबले से पहले मणिपाल टाइगर्स के खिलाड़ियों ने अभिमन्यु क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास कर पसीना बहाया। इस दौरान भारतीय पूर्व क्रिकेटर रोबिन उथप्पा ने कहा, दून में खेलने और अपने प्रशंसकों के मनोरंजन के लिए हम सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दून में होने वाले तीन मैच के दौरान मौसम मेहरबान रहेगा। बीते साल हुए रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज में बारिश के चलते कई मुकाबलों को रद्द किया था। इस बार मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले तीन दिन तक मौसम शुष्क रहेगा। **मणिपाल टाइगर्स :** हरभजन सिंह (कप्तान) मोहम्मद कैफ रॉबिन उथप्पा (विकेटकीपर) चाडविक वाल्टन (विकेटकीपर) प्रवीण कुमार सुब्रमण्यम बद्रीनाथ कॉलिन डी ग्रैंडहोम कोरी एंडरसन थिसारा परेरा इमरान खान मिशेल मैक्लेनाघन पंकज सिंह परविंदर अवाना प्रवीण गुप्ता। **भीलवाड़ा किंग्स की टीम:** इरफान पठान (कप्तान) लेंडल सिमंस शेन वॉटसन तिलकरत्ने दिलशान यूसुफ पठान पिनल शाह (विकेटकीपर) सोलोमन मायर विलियम पोर्टरफील्ड क्रिस बार्नवेल इकबाल अब्दुल्ला जेसल कारिया अनुरीत सिंह धम्मिका प्रसाद प्रोस्पर उत्सेया राहुल शर्मा रयान साइडबॉटम टिम मुर्टाघ शामिल है।

# महिला ने पति ससुर और देवर पर लगाया हमले का आरोप

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप निवासी एक महिला लहूलुहान हालत में थाने पहुंची। महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें महिला ने पति,ससुर,देवर पर गाली गलौज कर हमला करने का आरोप लगाया। पुलिस ने महिला को कार्रवाई का आश्वासन दिया। शनिवार को ट्रांजिट कैंप क्षेत्र चामुंडा



मंदिर के समीप निवासी प्रीति नाम की महिला थाने में लहूलुहान हालत में पहुंची। महिला के सिर पर पट्टी बंधी थी और कपड़े खून से सने थे। महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र में महिला ने कहा कि शुक्रवार की रात को ससुर,देवर और पति ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। बाद में उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई। महिला ने तीनों से जान माल का खतरा बताया। महिला ने कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने महिला को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी।

# शहीद मेजर राजेश अधिकारी के नाम से जाना जाएगा केंद्रीय पुस्तकालय

देहरादून(उद संवाददाता)। कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के केंद्रीय पुस्तकालय का नाम महावीर चक्र विजेता शहीद मेजर राजेश अधिकारी के नाम से जाना जाएगा। शुक्रवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन देहरादून से इसका वर्चुअली शुभारंभ किया। अपने वर्चुअल संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले कुमाऊँ विश्वविद्यालय के छात्र रहे शहीद मेजर राजेश अधिकारी के नाम पर केंद्रीय पुस्तकालय का नाम रखे जाने के ऐतिहासिक पलों के हम सभी साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि हम सभी शहीद मेजर राजेश अधिकारी के देश प्रेम से ओत-प्रोत जीवन से प्रेरणा लेते हुए देश की एकता व अखंडता को कायम रखने में अपना अधिकाधिक योगदान देंगे। राज्यपाल ने माँ भारती के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले कारगिल शहीद के बलिदान को चिर स्थाई बनाए रखने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम और इस पुनीत सोच के लिए



कुलपति और पूरे विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कुमाऊँ विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि मेजर राजेश अधिकारी ने अपनी बीएससी की पढ़ाई कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल से की थी। राज्यपाल ने कहा कि कारगिल युद्ध में ऑपरेशन विजय के दौरान उत्तराखण्ड के भी 75 जांबाजों ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। इनमें एक नाम नैनीताल के मेजर राजेश अधिकारी का भी शामिल है। जिनकी वीरता की कहानी सुनकर सभी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। राजेश अधिकारी ने जहाँ खुद गोली से छलनी होकर भी दुश्मनों के बंकर तबाह कर दिए थे वहीं अदम्य साहस से प्वाइंट 4590 पर कब्जा कर शहादत प्राप्त की। मेजर राजेश अधिकारी को असाधारण वीरता एवं सर्वोच्च बलिदान के लिए मरणोपरांत उन्हें महावीर चक्र से सम्मानित किया गया जो पूरे उत्तराखण्ड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आज के दिन हम देश के लिए अपना सर्वस्व बलिदान देने वाले अपने जांबाज सैनिकों के बलिदान को कभी न भूलने की प्रतिज्ञा करें। कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए सभी अमर शहीदों के साथ-साथ शहीद मेजर राजेश अधिकारी को पुन: नमन करते हुए में विश्वास व्यक्त करता हूं कि देश के शहीद वीर जवानों का शौर्य और अदम्य साहस सभी युवाओं को अपने राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता रहेगा।

# उत्तरायणी पर्व की तैयारियों पर चर्चा

किच्छा(उद संवाददाता)। हरीश पंत की अध्यक्षता में उत्तरांचल सांस्कृतिक समिति किच्छा की एक बैठक हुई। बैठक में विगत उत्तरायणी पर्व की सफलता की सराहना करते हुए आगामी उत्तरायणी पर्व को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए सभी बिंदुओं पर विचार किया गया। साथ ही चेयरमैन दर्शन सिंह कोली द्वारा सांस्कृतिक समिति भवन में किये गये कार्य और गांधी चबूतरा मंच निर्माण की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया। विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा समिति भवन के प्रथम तल पर अवशेष हाल के निर्माण हेतु विधायक निधि से आवंटित पांच लाख रुपए दिए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया गया। अंत में दिवंगत जया पंत पत्नी चंद्र शेखर पंत, बीना जोशी पुत्री चंद्र शेखर पंत,आशा जोशी पत्नी भुवन जोशी,जगत सिंह परिहार, संजय पंत पुत्र महेश पंत, राहुल तिवारी पुत्र बसंत बल्लभ तिवारी, बसंती जोशी पत्नी ठाकुर दत्त जोशी, शेखर भट्ट , प्रवीण पंत,दिवस पंत आदि दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में हरीश पंत,पूरन लाल वर्मा, कैलाश काण्डपाल, श्रीमती जानकी तिवारी, सुधा जोशी, लीलाधर जोशी, भुवन जोशी,वाई डी बिंजोला, बसंत बल्लभ पंत,एम सी मठपाल,गौरी शंकर पाण्डे, गोपेश पंत, ललित जोशी आदि अनेक सहभागी रहे।

# नानकमत्ता में किताब कौतिक एक दिसम्बर से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।समाज में पढ़ने लिखने की संस्कृति को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को प्रचारित प्रसारित करने के समय से चलाए जा रहे कि कौतिक अभियान के तहत टनकपुर बैजनाथ चम्पावत, विथौरागड, द्वाराहाट और भीमताल के बाद उधम सिंह नगर जिले में पहली बार ऐतिहासिक नानकमत्ता साहिब में 1, 2 और 3 दिसंबर 2013 को 3 दिवसीय किताब कौतिक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देशभर में कई लेखक, विचारक, साहित्यकार, रंगकमी और मीडियाकर्मी नानकमता पहुंचेंगे। यह अभियान कुमाउनी आर्काइन्स, क्रिएटिव उत्तराखंड टीम आयोजित कर रही है। नानकमत्ता में बाबा तरसेम सिंह और डेरा कार सेवा के सहयोग से आयोजन हो रहा



है। इस आयोजन के दौरान 60 प्रकाशकों की लगभग 65,000 पुस्तकें, साहित्यिक परिचर्चा, पुस्तक विमोचन, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, विज्ञान कोना, दूरबीनों से तारा अवलोकन, नेचर वॉक, पक्षी अवलोकन, स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल व प्रसिद्ध लेखकों से सीधी बातचीत होगी। स्कूली बच्चों के क्विज, ऐपण, चित्रकारी और कविता वाचन प्रतियोगिताएं होंगी। पहले दिन 1 दिसंबर को गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा के विभिन्न विद्यालयों में साहसिक पर्यटन, लोककला, चित्रकारी, अभिनय आदि विषयों पर ष्कैरियर काउंसिलिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। 2 और 3 दिसंबर को गुरुनानक देव डिग्री कॉलेज में वृहद पुस्तक मेला और साहित्यिक सत्र होंगे।

# तमंचे व कारतूस के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से चहल कदमी कर रहे दो शातिर बदमाशों को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबोचते हुए दोनो के कब्जे से दो अवैध तमंचे व जिंदा कारतूस बरामद किया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने मुखबिर की सटीक सूचना पर नौगजा कब्रिस्तान के समीप स्थित झाड़ियां से आपराधिक वारदात की योजना बना रहे दो शातिर बदमाशों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपना नाम मोहल्ला पक्काकोट निवासी साहिल पुत्र शकील तथा दूसरे ने राहुल पुत्र शकील निवासी मोहल्ला उपरोक्त बताया। प्लासी के दौरान दोनों की कब्जे से पुलिस ने तमंचे तथा जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए दोनों बदमाश पूर्व में भी संगीत मामलों में जेल की हवा खा चुके हैं।

# मीडिया की सुर्खियों में छाया सिलक्यारा

## तकनीक के साथ आस्था का भी सहारा लिया जा रहा,देश विदेश के एक्सपर्ट पहुंचे

देहरादून(उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखंड में स्थानीय देवताओं पर लोगों की आस्था अटूट है। सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए टीम और तकनीक के साथ आस्था का भी सहारा लिया जा रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों के दबाव पर अब कंपनी प्रबंधन ने सुरंग के बाहर बौखनाग देवता का मंदिर स्थापित किया है। वहां भव्य मंदिर बनाने की मांग की जा रही है। पहले इस मंदिर को हटाकर सुरंग के अंदर कोने में स्थापित किया गया था। यहां बचाव अभियान में इस्तेमाल के लिए आ रही हर मशीन को चलाने से पहले पूजा की जा रही है। उत्तराखंड के सिल्क्यारा टनल में हुए हादसे की सुर्खियों से इन दिनो चर्चाओं में छाया हुआ है। उनके परिजन और साथी भी दीपावली के दिन ये फंसे मजदूरों को टकटकी लगाए बाहर आने का इंतजार कर रहे है। देश के इतिहास में सबसे जटिल रेस्क्यू ऑपरेशन को अत्याधुनिक तकनीक मशीनों के साथ ही विदेशी इंजीनियारों की तकनीक के सहारे अंजाम दिया जा रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए पहुंची राष्ट्रीय एजेंसियों की कार्यवाही पर भू वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की भी नजर बनी हुई है। देश के कई बड़े वैज्ञानिक संस्थानों के विशेषज्ञ भी सिलक्यारा पहुंचे। वहीं विदेशी एक्सपर्ट भी बुलाए गए। हादसे के रेस्क्यू ऑपरेशन को कवर करने के लिए देश-विदेश के तमाम बड़े मीडिया संस्थान सिलक्यारा पहुंचे। यमुनोत्री हाईवे के निकट छोटे से गांव सिलक्यारा को सुरंग हादसे ने बड़ी पहचान दी है। हादसे के बाद गुमनाम सा यह गांव देश-विदेश की सुर्खियां में रहा। हैशटैग उत्तरकाशी रेस्क्यू से इस हादसे को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अब तक चार हजार से ज्यादा पोस्ट की जा चुकी हैं। 12 नवंबर को बड़ी दिवाली के दिन यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा बैंड के निकट निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन से 41 श्रमिक सुरंग के अंदर ही फंस गए। इसके बाद यह खबर बहुत तेजी से देश-विदेश में फैल गई है।पिछले 13 दिनों से सुरंग में फंसे श्रमिकों को बचाने लिए केंद्र व राज्य की करीब 19 एजेंसियां रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं।



## पेज एक का शेष...

**दो बहनों की हत्या...**पुत्रियां मृत अवस्था में पाई गई इससे शहर में सनसनी मच गई। घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस के अधिकारियों को मिली वह तत्काल मौके पर पहुंच गए तथा मौके पर निरीक्षण किया व घर के लोगों तथा पड़ोसियों से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान पता चला कि अली हसन का परिवार तंत्र मंत्र पर विश्वास करता था। जानकारी के अनुसार अली हसन की चार पुत्रियां व तीन पुत्र हैं। मृतका हरमीन 19 वर्ष व यासीन 11 वर्ष अजीबोगरीब हरकतें करती थीं अचानक चिल्लाने लगती थीं। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में ये जानकारी सामने आई है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया इन हत्याओं के पीछे तंत्र मंत्र की संभावना दिखाई दे रही है। शवों के पास कटा हुआ मुर्गा, कुछ पैसे व खून के निशान भी मिले हैं। परिवार के लोगों ने बताया कि मृतक बहनों के पिता अली हसन अपने एक बेटे को लेकर बुलंदशहर गया हुआ है। वहीं बीती रात वह अपने एक बेटे को लेकर मजार पर सोया था। वहीं से वह गायब हो गया। अली हसन का मोबाइल स्विच आफ आ रहा है। बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में सगी बहनों की हुई मौत से यहां काशीपुर में लोगों के बीच दहशत का माहौल है। सूत्रों की माने तो दोनों बहनों के प्रेम संबंधों से नाराज युवतियों के पिता और भाईयों ने मिलकर उनकी हत्या कर दी। पिता और भाई फरार बताए जा रहे हैं जबकि युवतियों के एक भाई और मां को पुलिस ने पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

**ध्वस्तीकरण करने आयी ..**संग कई कर्मी वार्ड दो बंगाला कालोनी सुनेरा में कार्रवाई के लिए जैसे ही पहुंचे वहां पहले से ही मौजूद मंडी समिति के अध्यक्ष कमलेन्द्र सेमवाल के साथ विवेक राय, पूरन भट्ट ,नरेश पंत, मुकेश कोली,राजकुमार कोली, अमरीक मंड, राजेश कुमार रज्जी, अभिषेक सक्सेना, गोल्डी गोराया, करुणा तिवारी, मधु गुप्ता, जसबीरी देवी, माधुरी विसेन, देवीदत्त शर्मा गिरीश चंद्र वर्मा, विशाल गुप्ता, चन्दन जयसवाल सहित तमाम लोगों ने नारेबाजी करते हुए जेसीबी मशीन के आगे बैठकर धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। तहसीलदार द्वारा उन्हें बताया गया कि प्राधिकरण के आदेश पर टीम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। उनका कहना था जिन कालोनियों का प्रधिकरण से नक्शा स्वीकृत नहीं है और जहां कालोनाईजर द्वारा कालोनी में सीवर, सड़क, पेयजल, विद्युत आदि की मूलभूत सुविधायें लोगों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं वहां पर कार्यवाही की जा रही है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों का कहना था कि उनके द्वारा यहां नियमानुसार भूमि क्रय की गई है। अब कांग्रेस नेता के दबाव में कार्रवाई की जा रही है जिसे किसी भी कीमत में स्वीकार नहीं किया जायेगा। वहीं क्षेत्र में कई पूजीपतियों द्वारा अतिक्रमण कर भवन बनाये गये हैं उन पर कार्रवाई की जाये। मौके पर पहुंचे एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा दोनों पक्षों से वार्ता की। भारी विरोध को देखते हुए ध्वस्तीकरण स्थगित कर दिया गया और प्रशासन की टीम बैरंग वापस लौटी।

**सुरंग में फंसे...** सरकार के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी टनल सुरंग में फंसे 41 मजदूरों के बहार निकालने के लिए सिक्लारा में पल पल की अपटेड ले रहे हैं। पूरा देश 41 मजदूरों के बहार निकलने की प्रार्थना कर रहा है। अरदास करने वालों में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य गुरवंत सिंह सोनी, चरनजीत सिंह दारा, डॉ मनिदर सिंह गुलाटी, गुरसेवक सिंह, जगजीत सिंह जगा, परमजीत सिंह, सतनाम सिंह, गांधी सिंह, दिलबाग सिंह, नरवैल सिंह संधू, हरजीत सिंह, जीत सिंह, आदि संगत मौजूद थी।

**ईनाम की झूठी सूचना...** निवासी ड्रीमलैण्ड सीटी छत्तरपुर हाल निवासी जवाहर लाल नेहरु जिला चिकित्सालय ने कहा है कि उसके साथ 8 सितम्बर 23 से 24 सितम्बर 23 तक कुल 7 ट्रांजक्सन के माध्यम से कुल 221800 रूपये की आनलाइन धोखाधड़ी की गयी है। अर्जिता का कहना है 5 सितम्बर 23 को उसे डाक द्वारा एक लेटर प्राप्त हुआ । जो सुद्दी आयुर्वेदिक संस्थान के नाम से भेजा गया था। सुद्दी आयुर्वेदिक संस्थान से उसकी दवाईयां डाक द्वारा आती थी । सुद्दी आयुर्वेदीक संस्थान के नाम से फर्जी लेटर एव स्क्रैच कार्ड डाक द्वारा प्राप्त हुआ । स्क्रैच कार्ड को स्क्रैच करने के बाद फर्स्ट प्राइज मारुती सुजुकी सिफ्ट डिजायर निकला । जिस पर विश्वास कर` अलग अलग समय पर विभिन्न चार्ज के नाम से उससे कुल 221800 रूपये की धोखेधड़ी की गयी। बार बार पैसे की मांग किये जाने पर उसे धोखाधड़ी होने का संदेह हुआ तो उसने पैसे देने से मना कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पार्षद प्रतिनिधि के ..**पर रमेश कुमार ढींगरा ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय की ओर से माननीय न्यायालय की ओर से आरोपी पार्षद प्रतिनिधि को बार बार सम्मन भेजे गये लेकिन वह कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ जिसपर अब न्यायालय ने सचिन मुंजाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किये हैं।

**नहर में शव..**ठीक हालत में देखा जाने के साथ ही गांव के एक युवक ने उससे वार्ता भी की। परंतु उसके बाद उसका संदिग्ध परिस्थितियों में नहर से शव बरामद हुआ। जिसके चलते पुलिस प्रत्येक पहलुओं की जांच में जुट गई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा    एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा    समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732    समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
गुरू माँ
Galaxy Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000 HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Galaxy S23 FE
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Own at ₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic, Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank, Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन